# कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी, सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)

Email ID- deosarangarhbilaigarh2022@gamil.com

## //संविदा भर्ती विज्ञापन//

क्रमांक/2098/सेजेस/सं.भ./वा.इन इ./2023–24 सारंगढ़, दिनांक-04/08/2023

जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम योजना के तहत संचालित विद्यालयों में रिक्त शिक्षकीय पदों की पूर्ति संविदा भर्ती के माध्यम से किया जाना है जिसके लिए **दिनांक–18.08.2023 दिन शुक्रवार को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारंगढ़ ( खेल भाठा) मे प्रातः 11:00 बजे से 4:00 बजे तक "वाक इन इंटरव्यु"** के माध्यम से साक्षात्कार लिया जाएगा। संस्थावार एवं पदवार रिक्त पदों का विवरण निम्नानुसार है–

| क्र. | विद्यालय का नाम | विज्ञापित पद | विषय | पद संख्या | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बालपुर, वि.ख.–बिलाईगढ़ | व्याख्याता (अंग्रेजी मा.) | गणित | 1 | अनारक्षित–1 |
| 2 | | व्याख्याता (अंग्रेजी मा.) | समा. विज्ञान | 1 | अनारक्षित–1 |
| 3 | | शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | कला | 1 | अनारक्षित–1 |
| 4 | | शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | अंग्रेजी | 1 | अनारक्षित–1 |
| 5 | | सहा.शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | समा. विज्ञान | 1 | अनारक्षित–1 |
| | | कुल | | 5 | |
| **क्र.** | **विद्यालय का नाम** | **विज्ञापित पद** | **विषय** | **पद संख्या** | **आरक्षण** |
| 1 | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पवनी, वि.ख.–बिलाईगढ़ | व्याख्याता (अंग्रेजी मा.) | गणित | 1 | अनारक्षित–1 |
| 2 | | व्याख्याता (अंग्रेजी मा.) | समा. विज्ञान | 1 | अनारक्षित–1 |
| 3 | | शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | कला | 1 | अनारक्षित–1 |
| 4 | | शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | अंग्रेजी | 1 | अनारक्षित–1 |
| 5 | | सहा.शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | समा. विज्ञान | 1 | अनारक्षित–1 |
| | | कुल | | 5 | |
| **क्र.** | **विद्यालय का नाम** | **विज्ञापित पद** | **विषय** | **पद संख्या** | **आरक्षण** |
| 1 | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय परसापाली, वि.ख. –बिलाईगढ़ | व्याख्याता (अंग्रेजी मा.) | गणित | 1 | अनारक्षित–1 |
| 2 | | व्याख्याता (अंग्रेजी मा.) | समा. विज्ञान | 1 | अनारक्षित–1 |
| 3 | | व्याख्याता (अंग्रेजी मा.) | वाणिज्य | 1 | अनारक्षित–1 |
| 4 | | शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | कला | 1 | अनारक्षित–1 |
| 5 | | शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | अंग्रेजी | 1 | अनारक्षित–1 |
| 6 | | व्यायाम शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | – | 1 | अनारक्षित–1 |
| 7 | | सहा.शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | समा. विज्ञान | 1 | अनारक्षित–1 |
| 8 | | सहा.शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | हिन्दी | 1 | अनारक्षित–1 |
| 9 | | सहा.शिक्षक विज्ञान (अं.मा.) | भौतिक | 1 | अनारक्षित–1 |
| | | कुल | | 9 | |

| क्र. | विद्यालय का नाम | विज्ञापित पद | विषय | पद संख्या | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बरमकेला, वि.ख.–बरमकेला | व्याख्याता | हिन्दी | 1 | अनारक्षित–1 |
| 2 | | सहा.शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | विज्ञान | 1 | अनारक्षित–1 |
| 3 | | सहा.शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | गणित | 1 | अनारक्षित–1 |
| 4 | | सहा.शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | अंग्रेजी | 1 | अनारक्षित–1 |
| 5 | | प्री–प्रायमरी शिक्षक | – | 1 | अनारक्षित–1 |
| | | कुल | | 5 | |

| क्र. | विद्यालय का नाम | विज्ञापित पद | विषय | पद संख्या | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सारंगढ़, वि.ख.–सारंगढ़ | व्याख्याता | संस्कृत | 1 | अनारक्षित–1 |
| 2 | | व्याख्याता (अंग्रेजी मा.) | समा. विज्ञान | 1 | अनारक्षित–1 |
| 3 | | शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | कला | 1 | अनारक्षित–1 |
| 4 | | प्री–प्रायमरी शिक्षक | – | 1 | अनारक्षित–1 |
| | | कुल | | 4 | |

| क्र. | विद्यालय का नाम | विज्ञापित पद | विषय | पद संख्या | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बिलाईगढ़, वि.ख. –बिलाईगढ़ | व्याख्याता (अंग्रेजी मा.) | समा. विज्ञान | 1 | अनारक्षित–1 |
| 2 | | व्याख्याता (अंग्रेजी मा.) | रसायन | 1 | अनारक्षित–1 |
| 3 | | शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | कला | 1 | अनारक्षित–1 |
| 4 | | सहा.शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | अंग्रेजी | 1 | अनारक्षित–1 |
| 5 | | सहा.शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | समा. विज्ञान | 1 | अनारक्षित–1 |
| 6 | | ग्रंथपाल (अंग्रेजी माध्यम) | – | 1 | अनारक्षित–1 |
| | | कुल | | 6 | |

| क्र. | विद्यालय का नाम | विज्ञापित पद | विषय | पद संख्या | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय भटगांव, वि.ख.–बिलाईगढ़ | व्याख्याता | हिन्दी | 1 | अनारक्षित–1 |
| 2 | | व्याख्याता | संस्कृत | 1 | अनारक्षित–1 |
| 3 | | सहा.शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | गणित | 1 | अनारक्षित–1 |
| 4 | | सहा.शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | विज्ञान | 1 | अनारक्षित–1 |
| 5 | | सहा.शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | हिन्दी | 1 | अनारक्षित–1 |
| 6 | | सहा.शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | अंग्रेजी | 1 | अनारक्षित–1 |
| 7 | | सहा.शिक्षक (अंग्रेजी मा.) | समा. विज्ञान | 1 | अनारक्षित–1 |
| | | कुल | | 7 | |

| क्र. | विद्यालय का नाम | विज्ञापित पद | विषय | पद संख्या | आरक्षण |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय सरसींवा, वि.ख.–बिलाईगढ़ | व्याख्याता | हिन्दी | 1 | अनारक्षित–1 |
| 2 | | व्याख्याता | संस्कृत | 1 | अनारक्षित–1 |
| | | कुल | | 2 | |

टीप :– 1. उपरोक्त व्याख्याता पद हेतु संविदा मानदेय राशि 38100=00 , शिक्षक / कम्प्यूटरशिक्षक / व्यायाम शिक्षक पद हेतु 35400=00, सहायक शिक्षक पद हेतु 25300=00 , ग्रंथपाल पद हेतु 22400=00 एवं प्री-प्रायमरी शिक्षक पद हेतु 15000=00 (मासिक एकमुश्त ) देय होगा |

संविदा भर्ती हेतु शर्तेः–

1. व्याख्याता पद हेतु मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से संबंधित विषय मं न्यूनतम 50% अंको के साथ स्नाकोत्तर की उपाधि एव बी.एड. प्रशिक्षित अनिवार्य। आवेदक को कक्षा 8वी, 10वी, 12 वी अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण होना आवश्यक होगा। अंग्रेजी माध्यम में अध्यापन मे दक्ष हो।

2. व्याख्याता– सामाजिक विज्ञान के अंतर्गत स्नाकोत्तर (भूगोल/इतिहास/अर्थशास्त्र/राजनीति) तथा बी.एड. की उपाधि रखने वाले अभ्यर्थी आवेदन कर सकते है। शिक्षक– समाजिक विज्ञान हेतु स्नातक में अंकित विषयों (भूगोल/इतिहास/अर्थशास्त्र/राजनीति) में से दो विषय एवं शिक्षक विज्ञान हेतु स्नातक में अंकित विषयों (भौतिकी/रसायन/जीवविज्ञान) में से दो विषय अनिवार्य रूप से होनी चाहिए एवं प्रशिक्षित होना अनिवार्य है। आवेदक को 8वी, 10वी, एवं 12वी अंग्रेजी माध्यम मे उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा।

3. शिक्षक पद हेतु मान्यता प्राप्त विश्व विद्यालय से संबंधित विषय में न्यूनतम 50% अंको के साथ स्नातक की उपाधि एवं बी.एड./बी.एल.एड./डी.एड./डी.एल.एड./प्रशिक्षित होना अनिवार्य। अंग्रेजी भाषा हेतु स्नातक स्तर पर अंग्रेजी मुख्य विषय के रूप मे हो। आवेदक को कक्षा 8वी, 10वी, एवं 12वी अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। शिक्षक समाजिक विज्ञान हेतु स्नातक स्तर पर भूगोल/इतिहास/अर्थशास्त्र /राजनीति में से किन्हीं दो विषयों का होना अनिवार्य। अंग्रेजी माध्यम में अध्यापन मे दक्ष हो।

4. सहायक शिक्षक पद हेतु मान्यता प्राप्त बोर्ड से संबंधित संकाय (कला/वाणिज्य/जीवविज्ञान/गणित) में न्यूनतम 50% अंको के साथ उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण एवं बी.एड./बी.एल.एड./डी.एड. /डी.एल.एड./प्रशिक्षित होना अनिवार्य है तथा सहा.शि.विज्ञान प्रयोगशाला पद हेतु संबंधित संकाय (जीवविज्ञान/गणित) में न्यूनतम 50% अंको के साथ उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। आवेदक को कक्षा 8वी, 10वी, एवं 12वी अंग्रेजी माध्यम से उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। अंग्रेजी माध्यम में अध्यापन मे दक्ष हो।

5. प्री–प्राईमरी टीचर हेतु मान्यता प्राप्त बोर्ड से न्यूनतम 50% अंको के साथ अंग्रेजी माध्यम में उच्चतर माध्यमिक (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण एवं नर्सरी टीचर ट्रेनिंग/मॉन्टेसरी टीचर ट्रेनिंग/डी.एड./डी.एल.एड. प्रशिक्षित होना आवश्यक है।

6. सभी पदों हेतु चयन अर्हताधारी पदो के अंको एवं साक्षात्कार के अंको के आधार पर किया जावेगा। टी.ई.टी. उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जावेगी।

7. उक्त रिक्त पदों में प्रतिनियुक्ति होने की स्थिति में उस विषय के रिक्त पद को विलोपित किया जाएगा। पदो की संख्या परिवर्तनीय होगी।

8. अभ्यर्थी को छ.ग. को मूल निवासी होना अनिवार्य है। सक्षम अधिकारी के द्वारा जारी प्रमाण पत्र संलग्न करना अनिवार्य है।

9. प्रत्येक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय समिति पृथक–पृथक है तथा प्रत्येक के लिए पृथक–पृथक आरक्षण लागू होगा। आवेदकों को अपने आवेदन मे स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय के किस विद्यालय हेतु आवेदन कर रहे हैं उसका स्पष्ट उल्लेख करना होगा तथा साक्षात्कार के समय पदांकन के लिए विद्यालय की वरीयता बताना आवश्यक होगा।

10. आवेदन पत्र के साथ आवश्यक दस्तावेजों की स्व प्रमाणित छायाप्रति संलग्न कर उपस्थित होवें। परीक्षण हेतु मूल अंकसूची एवं प्रमाण पत्रों के साथ उपस्थित होना है। दस्तावेजों का परीक्षण साक्षात्कार स्थल पर करने के उपरांत ही साक्षात्कार में शामिल किया जाएगा।

11. संविदा नियुक्ति छ.ग. सिविल सेवा नियम 2012 में निहित प्रावधानों के अधीन रहेगी।

12. विज्ञापन तिथि के पूर्व अर्जित की गई शैक्षणिक एवं अन्य व्यवसायिक योग्यता ही मान्य होगी।

13. आवेदक की उम्र 01 जनवरी 2023 को न्यूनतम 21 वर्ष होना आवश्यक है। उम्र में शासन के नियमानुसार अधिकतम आयु सीमा में छुट का प्रावधान होगा।

14. विज्ञापित पदों की संख्या घटाई, बढ़ाई एवं पर्याप्त कारण से विज्ञापन निरस्त भी किया जा सकता है।

15. चयन के संबंध में चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

16. भविष्य में शासन द्वारा उक्त पदों पर सीधी भर्ती किए जाने पर संविदा नियुक्ति स्वमेव निरस्त मानी जावेगी।

**नियुक्ति अवधिः—**

1. छ.ग. सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति) नियम 2012 के नियम 4(1) के अंतर्गत उल्लेखित संविदा नियुक्ति के पदों पर संविदा नियुक्ति 3 वर्ष की कालावधि के लिए की जावेगी। तथापि राज्य सरकार आवश्यकता के आधार पर तथा संविदा आधार पर नियुक्ति की उपयुक्तता का आंकलन करने के पश्चात् संविदा नियुक्ति की कालावधि बढ़ाया जा सकेगा जो कि शासन के अगामी निर्देश के अंतर्गत प्रतिबंधित होगा।

2. संविदा नियुक्ति की अवधि में दोनो पक्षों मे से किसी एक पक्ष द्वारा तीन माह की पूर्व सूचना या इसके एवज में तीन माह का वेतन देकर संविदा नियुक्ति समाप्त की जा सकेगी।

**निरर्हताएँः—**

1. अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए किन्ही भी साधनों से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को नियुक्तिकर्ता द्वारा चयन के लिए निरर्हित माना जा सकेगा।

2. कोई भी अभ्यर्थी किसी सेवा या पद पर तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा, जब तक कि उसे ऐसी स्वास्थ्य परीक्षा में जो कि विहीत की जाए, मानसिक या शारीरिक रूप में स्वस्थ्य तथा किसी मानसिक या शारीरिक दोष जो कि सेवा या पद के कर्तव्य को पूरा करने मे बाधा डाल सकता हो से मुक्त, घोषित न कर दिया जाये। परन्तु अपवादिक मामलों में अभ्यर्थी का उसकी स्वास्थ्य परीक्षा से पूर्व किसी सेवा या पद पर इस शर्त के अधीन नियुक्ति दी जा सकेगी कि यदि वह चिकित्सकीय रूप से अस्वस्थ्य पाया जाता है, तो उसकी सेवाएं तत्काल समाप्त की जा सकेगी।

3. कोई भी अभ्यर्थी जिसे महिलाओं के विरूद्ध किसी अपराध या अन्य अपराध का सिद्ध दोष ठहराया गया हो, किसी सेवा या पद के लिए पात्र नहीं होगा। परन्तु यदि किसी अभ्यर्थी के विरूद्ध न्यायालय में ऐसे मामले लंबित हो तो उसकी नियुक्ति का मामला तब तक लंबित रखा जाएगा, जब तक उस अपराधिक प्रकरण का न्यायालय द्वारा अंतिम विनिश्चय न कर दिया जाये।

**अभ्यर्थी की पात्रता के बारे में नियुक्तिकर्ता का निर्णय संबंधीः–**

चयन के लिए अभ्यर्थी की पात्रता अथवा अपात्रता के संबंध में नियुक्तिकर्ता का विनिश्चय अंतिम होगा।

2. चयन प्रकिया के किसी भी समय पर अथवा नियुक्तिकर्ता को चयन सूची भेजने के बाद भी यदि नियुक्तिकर्ता के संज्ञान में यह तथ्य आता है कि अभ्यर्थी ने असत्य जानकारी दी है अथवा उसके द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों में कोई विसंगति पायी गई है तो वह निरर्हित हो जायेगा एवं उसका चयन/नियुक्ति नियुक्तिकर्ता द्वारा बिना पूर्व सूचना के समाप्त कर दी जायेगी।

**अन्य निर्देशः–**

1. नियुक्त उम्मीदवार को उनके पद के अनुसार शासन द्वारा समय–समय पर प्रसारित आदेशों के अनुसार वेतन एवं भत्ते देय होंगे।
2. नियमानुसार संविदा भर्ती के उप नियम(2) के अंतर्गत उल्लेखित मामलों को छोड़कर संविदा सेवा में सिर्फ मासिक एकमुश्त राशि वेतन के रूप में देय होगी, इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, महंगाई भत्ता, क्षतिपूर्ति भत्ता, गृह भाड़ा भत्ता इत्यादि नहीं दिया जाएगा तथा संविदा नियुक्ति के अधीन वार्षिक वेतन वृद्धि की पात्रता नहीं होगी।
3. यह नियुक्ति पूर्णतः अस्थायी होगी।

**(कलेक्टर महोदया द्वारा अनुमोदित)**

जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव
स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम
विद्यालय समिति
जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)
सारंगढ़, दिनांक–04/08/2023

पृ. क्रमांक/2999/सेजेस/सं.भ./वा.इन इ./2023–24
प्रतिलिपिः–

1. प्रमुख सचिव, छ.ग. शासन, स्कूल शिक्षा विभाग, मंत्रालय महानदी भवन अटलनगर नवा रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2. संचालक, लोक शिक्षण संचालनालय, इन्द्रावती भवन अटलनगर नवा रायपुर छ.ग. को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
3. कलेक्टर, जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ छ.ग. को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
4. सर्व संबंधित सदस्य, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय समिति जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ छ.ग. को सूचनार्थ।
5. जिला जनसंपर्क अधिकारी, सारंगढ़–बिलाईगढ़ छ.ग. को सूचनार्थ एवं लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशन हेतु।
6. सर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ छ.ग. को सूचनार्थ।

जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव
स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम
विद्यालय समिति
जिला सारंगढ़–बिलाईगढ़ (छ.ग.)